खरना संपन्न, अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य आज

साठी के चावल, गुड़ व दूध से बनी खीर व रोटी बनाकर व्रतियों ने की पूजा अर्चना, सबने ग्रहण किया खरना का प्रसाद

सीतामढ़ी/ शिवहर। सूर्य उपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व का दूसरा संयम शनिवार को खरना के साथ संपन्न हो गया। लोक आस्था के इस चार दिवसीय महापर्व के दूसरे दिन छठ व्रतियों ने दिनभर उपवास रखकर शाम में नए चुल्हे पर साठी के चावल, गुड़ तथा दूध से खीर, घी में बनी पूरी और रोटी का प्रसाद तैयार किया।

केला व बनाए गए प्रसाद के साथ व्रतियों ने अपने घरों में न्योज (प्रसाद) चढ़ाया। न्योज वाले प्रसाद को अपने घर के सदस्यों तथा इष्ट मित्रों को देकर स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया। अगले दिन निर्जला रहकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व के तीसरा अनुष्ठान को पूरा करेंगे। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। चौक चौराहों से लेकर घर-घर में गूंज रहे छठ गीतों से पूरा वातावरण छठ की पावनता से सरोबार है। चार दिवसीय अनुष्ठान वाले इस महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने जहां खरना का अनुष्ठान किया वहीं रविवार को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने को लेकर सभी नदियों व पोखर के घाटों को सजाने का काम लगभग पूरा हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग सामूहिक रूप से घाटों को सजाने का काम में जुटे हैं। वही घाट तक जाने वाली सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। उबर खाबर सड़कों को समतल कर पैदल चलने लायक बनाया गया है।

शहर के लखनदेई नदी पुल के दोनों ओर नदी के किनारे जगह-जगह घाट पर पंडाल बना सजाया गया है। लखनदेई पुल के दोनों ओर तथा रिंग बांध पर लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पिछले कई साल से शहर के कई मोहल्ले में लोग अपने घरों की छतों या दरवाजा पर कृत्रिम पोखर का निर्माण कर उसमें अर्घ्य देते हैं।

इसके अलावा कई जगहों पर मोहल्ले के कई परिवार मिलकर खुली जगह में पोखर बना कर उसमें छठ करते है। शहर के कोर्ट बाजार में हनुमान मंदिर के निकट सड़क पर ही अस्थाई पोखर बनाया जाता है। जहां वर्ती अर्घ्य देते है।

छठ घाट बनाने के दौरान तालाब में डूबने से 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत, परिवार में मचा कोहराम

बैरगनिया। बैरगनिया प्रखंड के नंदवाड़ा पंचायत अंतर्गत बेगाही गांव में शनिवार को छठ घाट बनाने के दौरान तालाब में डूबने से 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के स्वर्गीय भैरव महतो के पुत्र वीरेंद्र महतो उर्फ छोटेलाल के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, छोटेलाल शनिवार दोपहर छठ पूजा की तैयारी को लेकर बौधी माता सड़क पुल के समीप स्थित तालाब में घाट बनाने गए थे। इसी दौरान वह घाट बनाने के क्रम में अधिक पानी की ओर बढ़ गए और गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। हादसे में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। वहीं, परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रूणा देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घाटों पर मुस्तैद रहेंगे दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी, सतत रखी जायेगी निगरानी

शिवहर। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, आवश्यक नागरिक सुविधाओं एवं विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण को लेकर समाहरणालय संवाद कक्ष में जिला पदाधिकारी प्रतिभा रानी शिवहर की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी प्रतिभा रानी और पुलिस अधीक्षक मोहिबुल्ला अंसारी द्वारा जिला संयुक्त आदेश में निर्धारित दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूर्ण सतर्कता, आपसी समन्वय एवं संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान छोटी से छोटी घटना की रोकथाम के लिए प्रशासनिक सतर्कता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने निर्धारित स्थलों पर मुस्तैद रहें तथा घाटों एवं आसपास की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें। किसी भी समस्या अथवा आकस्मिक स्थिति की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों एवं नियंत्रण कक्ष को देते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

सांसद ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, लिया तैयारी का जायजा

सीतामढ़ी। छठ महापर्व के खरना के दिन शनिवार को भी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने जिले के विभिन्न प्रखंडों का दौरा कर घाटों की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने



मेजरगंज, सुरसंड, परिहार, बथनाहा तथा नानपुर प्रखंड के खरका और शीर्षी सहित विभिन्न गांवों में पहुंचकर छठ घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां भी व्यवस्था में कमी महसूस हुई, वहां ठीक करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कि छठ घाटों पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

इस मौके पर सांसद ने लोगों से छठ महापर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि छठ आस्था, पवित्रता और लोक विश्वास का महान पर्व है। इसे आपसी प्रेम,भाइचारे और मिल्लत के साथ मनाना चाहिए।

पर्व के दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि सभी श्रद्धालु निर्बाध रूप से भगवान भास्कर की आराधना कर सकें।

निरीक्षण के दौरान सुरसंड के विधायक नागेंद्र राउत, सुरसंड नगर परिषद के सभापति पप्पू चौधरी, भाजपा नेता सरोज यादव, आशुतोष कुशवाहा, अरुण गोप एवं निर्भय कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

बाल दिवस पर आयोजित चिल्ड्रेन फेस्ट में महुलिया के दो बच्चों ने हासिल किया मेरिट अवार्ड

सोनबरसा। ओमान में इंडियन सोशल क्लब, ओमान के उर्दू विंग द्वारा बाल दिवस के अवसर पर चिल्ड्रेन फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में इंडियन सोशल क्लब के चेयरमैन सुहैल खान, इंडियन स्कूल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य सैयद सलमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विंग के चेयरमैन तुफैल अहमद ने की, जबकि आसिफ नूर सैयद ने कार्यक्रम प्रबंधक की भूमिका निभाई। इस आयोजन में सोनबरसा प्रखंड के महुलिया निवासी सैयद अल हसन के पुत्र सैयद जोहान हसन और पुत्री फिल्ज़ा हसन ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। फिल्जा हसन को कक्षा दो की कविता प्रतियोगिता में चाचा नेहरू विषय पर शानदार प्रस्तुति के लिए मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं सैयद जोहान हसन ने चित्रकला एवं हिंदी कविता प्रतियोगिता में मेरिट अवार्ड हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

बाल दिवस पर बैलून प्रतियोगिता का आयोजन

सीतामढ़ी। बसवरिया, नगर निगम वार्ड संख्या 25 में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए एक मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय बच्चों के बीच बैलून प्रतियोगिता आयोजित की गई। गुब्बारों के अलग अलग प्रयोगों, गतिविधियों एवं खेलों के माध्यम से बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा आनंद ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के साथ-साथ सभी सहभागी बच्चों को पुरस्कार भेंट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। शिक्षक मुकेश रजक ने कहा कि पर्व-त्योहारों के व्यस्त समय और दिनचर्या के बावजूद समय निकालकर बच्चों के लिए इस तरह का आयोजन करना बेहद प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने कहा कि बाल दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके शोषण को रोकने तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समानता और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार एवं प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

बिहार सरकार

बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, नेहरू मार्ग, पटना

निविदा सूचना संख्या– 02/2026–27/पी0पी0ओ0

1.	विभाग का नामः–	पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना।
2.	विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः–	पुलिस अधीक्षक (वितंतु), बिहार, पटना। बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर–612, नेहरू मार्ग, पटना।
3.	निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समयः–	निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक– 03.12.2026 के 15:00. बजे तक।
4.	निविदा के तकनीकी भाग को खोलने की तिथिः–	दिनांक–03.12.2026 को 16:00 बजे।
5.	निविदा समर्पित करने का स्थानः–	बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, सरदार पटेल भवन 'ई' ब्लॉक, छठी मंजिल, कमरा नम्बर–612, नेहरू मार्ग, पटना।
6.	अनुमानित राशि	रू/–8,00,000 (आठ लाख) से ऊपर।
7.	मद का नामः–	20 अदद POWER SUPPLY CUM BATTERY BACKUP (SMPS WITH 100 AHC LI-ION BATTERY). वांछित Specification PPO शाखा, बि0पु0रे0, D/603, सरदार पटेल भवन, बेली रोड, पटना से कार्यालय दिवस में निविदा समर्पित करने कि अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक प्राप्त की जा सकती है।

इस विज्ञापन सूचना को बिहार पुलिस विभाग के वेबसाईट https://police.bihar.gov.in/en/Tender पर देखा जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु), बिहार, पटना

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015370 (Police) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पटना

गुमशुदा व्यक्ति की विवरणी

01. कांड सं0 :– बुद्धा कॉलोनी थाना कांड सं0–516/26 दि0–27.08.26 धारा–137(2)/बी0एन0एस0
02. जिला :– पटना
03. थाना का नाम :– बुद्धा कॉलोनी
04. लापता की तिथि :– 26.08.2026
05. लापता का स्थान :– दुजरा बुद्धा कॉलोनी
06. सूचिना प्राप्ति की तिथि :– 27.08.26
07. लिंग/उम्र :– महिला/36 वर्ष लगभग
08. धर्म :– हिन्दु
09. भाषा :– हिन्दी, स्थानीय
10. शरीर का बनावट :– दुबला पतला
11. रंग :– गोरा
12. उंचाई :– 5 फीट लम्बाई
13. पहचान चिन्ह :–
14. लापता का पहनावा :– साड़ी पहनी हुई है।



15. लापता का नाम/ पता :– रूपा देवी उम्र लगभग 36 वर्ष पति–शिवकांत सिंह सा0–बरियारपुर पे0–बरियारपुर थाना–बरियारपुर, जिला–मुजफ्फरपुर वर्तमान पता–दुजरा मस्जिद के पीछे संतोष शर्मा के मकान में किरायेदार बुद्ध कॉलोनी पटना।
16. कांड की विवरणी :– यह कांड वादी शिवकांत सिंह पे0–स्व0 शत्रुधन सिंह वर्तमान पता–दुजरा बुद्धा कॉलोनी पटना संतोष शर्मा के मकान में रहकर टाइल्स का करता है जो मूल रूप से ग्राम+पो0–बरियारपुर थाना–बरियारपुर जिला–मुजफ्फरपुर 843102 का स्थायी निवासी है। इनकी पत्नी रूपा देवी उम्र 36 वर्ष दिनांक–26.08.2026 को शाम 07:30 बजे दवाई लाने जा रहे है बोलकर गई और वापस नहीं आई के संबंध में कांड दर्ज किया गया है।
17. विशिष्टता :–
18. गुमशुदा के परिवार का पता – शिवकांत सिंह पे0–स्व0 शत्रुधन सिंह ग्राम+पो0–बरियारपुर थाना–बरियारपुर जिला–मुजफ्फरपुर वर्तमान पता–दुजरा मस्जिद के पीछे संतोष शर्मा के मकान में किरायेदार बुद्ध कॉलोनी पटना।

PR- 015383 (Police) 2026-27

वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री एवं साड़ी का किया वितरण



शिवहर। पिपराही प्रखंड अंतर्गत धनकौल पंचायत में अपने आवास पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बेलसंड नसीर अहमद उर्फ लाल जी एवं पूर्व मुखिया बेगम जरीना खातून द्वारा हजारों श्रद्धालु एवं छठ व्रतियों के बीच छठ पूजा से संबंधित सामग्री, साड़ी व अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर नसीर अहमद उर्फ लाल जी ने कहा कि छठ महापर्व हम सभी के लिए आस्था और एकता का प्रतीक है। वहीं पूर्व मुखिया बेगम जरीना खातून ने कहा कि माताएं-बहनें बड़ी श्रद्धा से इस कठिन व्रत को करती हैं। उनकी मदद करके हमें दिली सुकून मिलता है।

भगवान भास्कर सभी के घर में सुख-समृद्धि बनाए रखें। सामग्री पाकर व्रतियों में खुशी देखी गई। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनाई गई जयंती, दी श्रद्धांजलि

सीतामढ़ी। देश के पहले प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर शनिवार जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम में श्रद्धांजलि सभा सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सीताराम झा, पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, अंजारुल हक तौहीद, नितेश मिश्रा, आफताब अंजुम बिहारी, सोहन दास, जैनेन्द्र कुमार राम आदि ने कहा कि एक मजबूत, आधुनिक, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रखने में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अहम भूमिका थी। तमाम चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच, कुशल नेतृत्व और अटूट संकल्प से भारत के सामाजिक, राजनीतिक, ढांचागत-आर्थिक विकास को नई दिशा के साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे विश्वस्तरीय शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों की स्थापना की। आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। मौके पर शैलेन्द्र खिरहर, विवेक झा, वीरेंद्र कुशवाहा, ऋषु ठाकुर, आलोक कुमार, अख्तर रजा खान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।



परिहार सीओ के नाम पर मांगे जा रहे रुपये, लोगों से सतर्क रहने की अपील

परिहार। अंचलाधिकारी परिहार ज्योति कुमारी के नाम का दुरुपयोग कर लोगों से ऑनलाइन रुपये मांगने का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति खुद को विकास कुमार बताकर यूपीआई के माध्यम से पैसे की मांग कर रहा है। इसके लिए मोबाइल नंबर 9031091447 का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन राजगीर की है। मामले की जानकारी मिलने पर सीओ ज्योति कुमारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके नाम पर किसी व्यक्ति द्वारा लोगों से रुपये मांगे जा रहे हैं। सीओ ने आम लोगों से इस तरह के फोन कॉल और मैसेज से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनके नाम पर पैसे मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को रुपये ट्रांसफर नहीं करें। यदि किसी के पास इस नंबर से या किसी अन्य नम्बर से भी कभी कोई फोन या मैसेज आता है और पैसा मागा जाए तो विल्कुल ही नहीं दे । उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और इस तरह की मांग को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की ।

सपना हुआ साकार, स्व. जगदीश नंदन सिंह पथ का निर्माण कार्य पूरा, जल्द दौड़ेंगे वाहन

शिवहर। शिवहरवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। शहरवासियों का वर्षों पुराना सपना आखिरकार पूरा हो गया है। लंबे समय से प्रतीक्षित स्वर्गीय जगदीश नंदन सिंह पथ (वैतरणी पार) का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चलकर अब पूरा हो गया है। सड़क बनकर तैयार होते ही पूरे शहर में जश्न का माहौल है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद अब जल्द ही इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन शुरू हो जाएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी। इस पथ के शुरू होने से लोगों को जाम और लंबी दूरी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। निर्माण कार्य संपन्न होने की खुशी में नगर परिषद के सभापति राजन नंदन सिंह ने मौके पर मौजूद लोगों और कर्मियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सड़क सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि शिवहर के विकास का नया अध्याय है। यह स्वर्गीय जगदीश नंदन सिंह जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने आगे कहा कि इस पथ के निर्माण से शहर के विकास को नई दिशा मिलेगी और आम लोगों का आवागमन और भी सुगम हो जाएगा।इधर, स्थानीय लोगों ने भी इस कार्य के लिए नगर परिषद और सभापति राजन नंदन सिंह को धन्यवाद दिया है।

छठ पूजा को लेकर सज-धजकर तैयार हुए घाट, तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

परसौनी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को होने वाले प्रथम संध्याकालीन अर्घ्य को लेकर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में छठ घाटों की साफ-सफाई एवं सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। घाट अब पूरी तरह सज-धजकर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार हैं। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक परसौनी मैलवार राजू जायसवाल एवं देमा पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक मो. समीर रजा के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने विभिन्न छठ घाटों पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान परसौनी मैलवार, धनकौल पुल, अंडहरा, पुरानी धार मुसहरी, बलहा, धोधनी, देमा समेत अन्य पंचायतों के छठ घाटों की साफ-सफाई की गई। सफाईकर्मियों ने घाटों पर जमा कचरे एवं गंदगी को हटाने के साथ आसपास के रास्तों को भी स्वच्छ बनाया। इधर, छठ घाटों की तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद श्रद्धालुओं में भी उत्साह का माहौल है।

राजा रानी कूपन
DATE :14.11.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	29
09:00	RAJARANI SUBEHA	30
09:30	RAJARANI KIRAN	73
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	78
10:30	RAJARANI PRABHAT	84
11:00	RAJARANI LAJBAB	13
11:30	RAJARANI SAMRAT	85
12:00	RAJARANI DELUX	91
12:30	RAJARANI AFTERNOON	82
01:00	RAJARANI KINGS	35
01:30	RAJARANI ROYAL	92
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	46
02:30	RAJARANI HUNDRED	38
03:00	RAJARANI DIAMOND	84
03:30	RAJARANI SONA	51
04:00	RAJARANI EXPRESS	32
04:30	RAJARANI SPECIAL	04
05:00	RAJARANI SANDHYA	57
05:30	RAJARANI CHANDANI	50
06:00	RAJARANI SHAM	31

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

MAHARAJA LOTTERY
14.11.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	38
09.00	M-Two	16
09.30	M-Three	04
10.00	M-Four	53
10.30	M-Six	21
11.00	M-Eight	74
11.30	M-Nine	70
12.00	M-Ten	99
12.30	M-Eleven	90
01.00	M-Twelve	59
01.30	M-Fourteen	37
02.00	M-Fifteen	53
02.30	M-Seventeen	69
03.00	M-Eighteen	68
03.30	M-Nineteen	32
04.00	M-Twenty	78
04.30	M-Twenty-one	16
05.00	Mahajara Twenty	05
05.30	Mahajara Twenty one	97
06.00	Mahajara Twenty	46

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA



फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें
8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124

तारीख – 14-11-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक	TIME	शुभ अंक
09:00	6054	01:45	6090 7050
09:15	6061	02:00	6058 7008
09:30	6069	02:15	6022 7049
09:45	6009	02:30	6080 7055
10:00	6044	02:45	6048 7026
10:15	6025	03:00	6091 7019
10:30	6099	03:15	6029 7054
10:45	6074	03:30	6002 7086
11:00	6077	03:45	6037 7086
11:15	6023	04:00	6040 7047
11:30	6072	04:15	6013 7077
11:45	6074	04:30	6007 7082
12:00	6016	04:45	6089 7029
12:15	6086	05:00	6033 7083
12:30	6014	05:15	6009 7082
12:45	6015	05:30	6036 7069
01:00	6072	05:45	6035 7030
01:15	6021	06:00	6081 7045
01:30	6071	7075	

WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

14.11.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	27	87	34	66
09:00	97	73	11	23
09:30	73	88	92	66
10:00	60	76	33	44
10:30	75	45	43	77
11:00	76	09	02	80
11:30	38	70	88	05
12:00	94	61	96	85
12:30	95	37	81	99
01:00	96	98	30	21
01:30	84	36	43	12
02:00	83	69	93	95
02:30	65	80	58	70
03:00	95	05	33	35
03:30	12	81	42	17
04:00	14	01	60	19
04:30	46	88	21	54
05:00	28	63	21	78
05:30	94	00	99	97
06:00	85	18	55	92
06:30	48	63	48	59

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें
9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

संगम
Date : 14.11.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	50	02.30 p.m.	06
09.30 a.m.	15	03.00 p.m.	22
10.00 a.m.	77	03.30 p.m.	21
10.30 a.m.	40	04.00 p.m	13
11.00 a.m.	65	04.30 p.m.	03
11.30 a.m.	36	05.00 p.m.	91
12.00 noon	39	05.30 p.m.	22
12.30 a.m.	93	06.00 p.m.	85
01.00 p.m.	92	06.30 p.m.	68
01.30 p.m.	63	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	78	Contact for result : 011-40451774, 011-40451775	

चेतक

09.00 a.m.	04	02.30 p.m.	92
09.30 a.m.	41	03.00 p.m.	09
10.00 a.m.	66	03.30 p.m.	72
10.30 a.m.	29	04.00 p.m.	83
11.00 a.m.	42	04.30 p.m.	18
11.30 a.m.	50	05.00 p.m.	46
12.00 noon	30	05.30 p.m.	27
12.30 a.m.	72	06.00 p.m.	29
01.00 p.m.	17	06.30 p.m.	20
01.30 p.m.	15	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	32	Contact for result : 011-40451770, 011-40451771, 011-40451772	

सुपर

09.00 a.m.	88	02.30 p.m.	40
09.30 a.m.	10	03.00 p.m.	07
10.00 a.m.	92	03.30 p.m.	49
10.30 a.m.	43	04.00 p.m.	01
11.00 a.m.	37	04.30 p.m.	15
11.30 a.m.	95	05.00 p.m.	38
12.00 noon	17	05.30 p.m.	06
12.30 a.m.	07	06.00 p.m.	30
01.00 p.m.	18	06.30 p.m.	89
01.30 p.m.	19	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	82	Contact for result : 011-40451993, 011-40451994	

www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m	73	MILLENNIUM	2.00 p.m	35
SUBEHA	9.00 a.m.	52	100	2.30 p.m	24
KIRAN	9.30 a.m.	97	DIAMOND	3.00 p.m	55
HINDUSTANI	10.00 a.m.	83	SONA	3.30 p.m	19
PRABHAT	10.30 a.m.	21	EXPRESS	4.00 p.m	90
LAJBAB	11.00 a.m.	36	SPECIAL	4.30 p.m	36
SAMRAT	11.30 a.m.	91	SANDHYA	5.00 p.m	95
DELUX	12.00 noon	86	CHANDANI	5.30 p.m	35
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m	48
KING	1.00 p.m.	71	EVENING	6.30 p.m	83
ROYAL	1.30 p.m.	62	Check result with official website/Sms		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 14.11.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	53	02.00 p.m.	50
09.30 a.m.	34	02.30 p.m.	32
10.00 a.m.	50	03.00 p.m.	97
10.30 a.m.	87	03.30 p.m.	64
11.00 a.m.	02	04.00 p.m.	63
11.30 a.m.	79	04.30 p.m.	22
12.00 noon	38	05.00 p.m.	05
12.30 p.m.	89	05.30 p.m.	73
01.00 p.m.	65	06.00 p.m.	06
01.30 p.m.	11	06.30 p.m.	96

Contact for result:
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608